E.D.S.

कार्यालय मुख्य वन संरक्षक, मीरजापुर क्षेत्र, मीरजापुर

पत्रांक– 3454 /मी0क्षे0/33/मीरजापुर, दिनांक, फरवरी 23 2021

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी,
रेनुकूट वन प्रभाग,
रेनुकूट।

विषयः– जनपद–सोनभद्र के रेनुकूट वन प्रभाग अन्तर्गत पिपरी रेंज में नगर पंचायत रेनुकूट द्वारा जोकाही वन ब्लाक मुर्धवा दक्षिणी बीट कं0नं0 14 अ में अस्तपताल, विद्यालय, सामुदायिक भवन, पेयजल आपूर्ति हेतु पानी टंकी, एवं आर0ओ0 व शौचालय निर्माण हेतु प्रस्तावित 0.9594हे0 वनभूमि के गैर वानिकी प्रयोग की अनुमति एवं प्रभावित 65 वृक्षो के पातन की अनुमति सम्बन्धी ऑन लाईन प्रस्ताव सं0– FP/UP/DISP/49674/2020 प्रेषित किये जाने के सम्बन्ध में।

संदर्भः– आपका पत्र संख्या–2869/रेनुकूट/15–275 दिनांक 22.02.2021

महोदय,

उपरोक्त संदर्भित पत्र द्वारा प्रेषित किये गये विषयक प्रस्ताव में निम्न कमियां परिलक्षित पायी गयी हैः–

1– प्रश्नगत प्रस्ताव में प्रस्तावित वनभूमि 0.9594हे0 उल्लेख किया गया है जबकि प्रस्ताव के पृष्ठ सं0–104 व 105 में वनभूमि हस्तान्तरण से सम्बन्धित जियो रिफेन्सड मानचित्र में 0.9234हे0 एवं 0.02हे0 कुल 0.9434हे0 उल्लेख है। स्पष्ट करें।

2– प्रस्ताव में वनाधिकार अधिनियम 2006 से सम्बन्धित ग्राम सभा, उपजिलास्तरीय समिति एवं जिलास्तरीय समिति तथा जिलाधिकारी, सोनभद्र का प्रमाण पत्र संलग्न नहीं है।

3– प्रस्ताव के पृष्ठ संख्या–15 पर संलग्न संयुक्त निरीक्षण प्रमाण पत्र में निरीक्षण की तिथि अंकित नहीं है।

4– परियोजना की सक्षम स्तर से स्वीकृति आदेश पठनीय नहीं है।

अतः उपरोक्त के अतिरिक्त पुनः प्रस्ताव का अभिलेखीय परीक्षण कर उल्लिखित कमियों का निराकरण करना सुनिश्चित करें। प्रस्ताव मूल में संलग्नकर प्रेषित है।

संलग्नक–उपरोक्तानुसार।

भवदीय

(रमेश चन्द्र झा) 23/02
मुख्य वन संरक्षक
मीरजापुर क्षेत्र, मीरजापुर